हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने किया ट्रांसपोर्ट नगर गैराज शाखा का औचक निरीक्षण*

जयपुर।
हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर गैराज स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निगम आयुक्त ने गाड़ियों में भराए जाने वाले पेट्रोल डीजल खपत की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने टाइम कीपर को निर्देश दिए कि पेट्रोल डीजल खपत पर रजिस्टर को नियमित किया मेंटेन किया जाएं। साथ ही गैराज संसाधनों के प्रतिदिन की रिपोर्ट कनिष्ठ अभियंता मॉनिटरिंग कर आगे रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

जीपीएस लोकेशन, स्मार्ट सिटी के कमांड सेंटर से मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

इस दौरान निगम आयुक्त ने बताया कि हेरिटेज निगम के गैराज संसाधन शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे हुए है। ऐसे में समस्या के समाधान में रिस्पांस टाइम कम से कम लगें, इसके लिए अब प्रतिदिन गाड़ियों की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने गैराज शाखा अधिकारियों को निर्देश दिए कि
गैराज शाखा के टाइम कीपर की ड्यूटी क्वार्टरली चेंज की जाएं। साथ ही इंटर्नल ऑडिट कर डीजल की कम खपत कर खर्चा रोकने का प्रयास करें।
वहीं, स्टोर में रखे सामान की भी की नियमित मॉनिटरिंग की जाएं।
नए सामान को खरीदने से पहले पुराने स्टॉक को किया चेक किए जाएं। इस दौरान आयुक्त डॉ निधि पटेल ने हूपर और अन्य गैराज के संसाधनों की ट्रैकिंग ऑडिट के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गैराज शाखा के अधीक्षण अभियंता बलराम मीणा, अधिशाषी अभियंता मुकेश कुमार मौजूद रहे।